# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सम्भल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुयी हिंसा की न्यायिक जांच करायेगी सरकार। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग गठित।
- हरदोई में सड़कों के निर्माण में मानकों के अनुरूप सामग्री का इस्तेमाल न करने पर लोक निर्माण विभाग के सोलह अभियंता निलम्बित।
- चित्रकूट में विकास कार्यों और प्रमुख योजनाओं की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की समीक्षा। मंदाकिनी नदी पर नया पुल बनाने की घोषणा।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तेरहवें राष्ट्रीय बीज सम्मेलन का किया उद्घाटन। कहा– किसानों को गलत बीज देना अपराध से कम नहीं।
- सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप में आज खेले जायेंगे क्वार्टर फाइनल मुकाबले। चीन की डाई वांग से भिड़ेंगी भारत की स्टार खिलाड़ी पी.वी. सिंधु।

**********

संभल में चौबीस नवम्बर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुयी हिंसा की जांच के लिये राज्य सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं। इस सम्बन्ध में गृह विभाग ने कल देर रात अधिसूचना जारी कर दी। जांच के लिये इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया गया है। आयोग में सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक ए.के जैन और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सदस्य होंगे। यह आयोग दो माह में जांच कर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगा।

उधर, जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर आज जिला न्यायालय चंदौसी में वादी पक्ष सर्वे रिपोर्ट पेश कर सकता है। इसे लेकर कड़े सुरक्षा के इंतजाम किये गये हैं। आज होने वाली जुमे की नमाज को लेकर भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। जिलाधिकारी द्वारा लोगों से अपील की गई है कि मस्जिद में जगह के अनुरूप लोगों को प्रवेश दिया जायेगा। मस्जिद के सदर ने भी लोगों से भीड़ इकट्ठा न करने और शांति बनाये रखने की अपील की है। सर्वे के दौरान हुयी हिंसा के मामले में अब तक इकतीस उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस बीच जिला न्यायालय द्वारा जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर दिये गये आदेश को चुनौती देते हुए मस्जिद की प्रबंध समिति द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर भी आज सुनवाई होगी।

**********

हरदोई में सड़कों के निर्माण में मानको के अनुरूप सामग्री का इस्तेमाल न किये जाने को लेकर शासन द्वारा करायी गयी जांच के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर लोक निर्माण विभाग के एक अधीक्षण अभियंता, दो अधिशासी अभियंता सहित सोलह अभियंताओं को निलम्बित कर दिया गया है। इन सभी निलम्बित अभियंताओं को लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय से सम्बद्ध कर उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गयी है। मुख्यमंत्री ने अक्टूबर माह में प्रदेश के दस जिलों में बन रही सड़कों की जांच के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये थे। प्रमुख सचिव अजय चौहान की अध्यक्षता में बनी जांच समिति ने हरदोई में सड़कों के निर्माण में अधोमानक सामग्री का इस्तेमाल पाया था।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल चित्रकूट के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने पर्यटन विकास, औद्योगिक कॉरिडोर, लिंक एक्सप्रेस–वे, रामपथ गमन, टाईगर रिजर्व, स्काई ब्रिज और टेबल टॉप एयरपोर्ट की प्रगति की विशेष समीक्षा की। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री नदी के रामघाट पर पहुंचे और माँ मंदाकिनी की आरती में शामिल हुए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड के लिए कराए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार बुंदेलखंड के आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ईको टूरिज़्म को भी विकसित कर रही है।

***यहां पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे लिंक एक्सप्रेस वे के लिये हम लोगों ने 13 सौ करोड़ रूपये सेन्सन किये है और वह कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई चल रही है। आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन के साथ–साथ यहां के ईको टूरिज्म के लिये एक बेहतरीन सेन्टर के रूप में इसको हम विकसित कर सके, इसके लिये रानीपुर का टाईगर रिजर्व को भी हम अच्छे ढंग से आगे बढ़ाना चाहते हैं। मैं यहां पे चित्रकूट आ रहा था, तो मैं देख रहा था। मंदागिनी नदी में एक सामान्य पुल है बहुत पुराना मैने उसके लिये एक नया पुल स्वीकृत करने की घोषणा की है। यहां पर एक नया पुल बनना चाहिये, इससे चित्रकूट की कनेक्टिविटी को और बेहतर किया जा सके।***

चित्रकूट पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने बादां जिले में मेडिकल कॉलेज गेट पर विरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया।

**********

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ ने क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के सीजन–1, वेव्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में आयोजित इस वर्कशॉप में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई कि वेव्स का आयोजन पांच फरवरी से नौ फरवरी–दो हजार पच्चीस तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ के निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि वेव्स– दो हजार पच्चीस युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर जिसमें आय बढ़ाने के साथ ही रचनात्मकता और नवाचार के अनगिनत अवसर मौजूद हैं।

**********

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों को गलत बीज देना अपराध से कम नहीं है। किसानों तक गुणवत्तायुक्त समय पर और सस्ती दर पर बीज पहुंचाने के लिये सभी संस्थानों, बीज निर्माताओं तथा राज्य सरकारों को पहल करने की जरूरत है। केन्द्रीय कृषि मंत्री कल वाराणसी में आयोजित तेरहवें राष्ट्रीय बीज सम्मेलन का वर्चुअली उद्घाटन कर रहे थे। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में सात सौ से अधिक लोग हिस्सा ले रहे हैं , जिनमें विशेषज्ञ, नीति निर्माता, उद्योग जगत के नेता, शोधकर्ता और किसान शामिल हैं। सम्मेलन में बीज क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों और प्रगति पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर प्राकृतिक खेती को कैबिनेट की मंजूरी मिली है, इससे लोगों को पौष्टिक शुद्ध अन्न, फल, सब्जी आदि उपलब्ध होगी और साथ ही खेत तथा पर्यावरण की सेहत में भी सुधार होगा। उद्घाटन समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे।

**********

केन्द्र सरकार ने कहा है कि रेलवे ने तेज गति से चलने वाली रेलगाडियों की डिजाइनिंग और निर्माण का काम शुरू कर दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि इस रेलगाड़ी की अधिकतम गति दो सौ अस्सी किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इसकी निर्माण लागत लगभग अट्ठाइस करोड़ रुपये प्रति रेलगाडी होगी।

**********

लखनऊ में आयोजित सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में आज क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे.। मैच बारह बजे के बाद शुरू होंगे। आज भारत की प्रथम वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी पीवी सिंधु, चीन की डाई वांग से भिड़ेंगी। वही पुरूष एकल में लक्ष्य सेन का मुकाबला हम वतन मीराबा ल्यू वांग मैसनम से होगा। मिश्रित युगल में भारत के सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरीयथ की जोड़ी थाईलैंड के देचा पोल और सुपिससारा से सामना करेगी। मिश्रित युगल के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में भारत के ध्रुव और तनीषा की जोड़ी मलेशिया के लू बिंग और हो लो की जोड़ी से मुकाबला करेगी। महिला एकल में भारत की उन्नति हुड्डा अमेरिका की इशिका जायसवाल के सामने होंगी। पुरुष एकल में भारत के आयुष शेट्टी का मुकाबला जापान के शो गो उगावा से होगा। इससे पहले कल प्री क्वार्टर फाइनल के मुकाबलो में पी वी सिंधु ने हमवतन इरा शर्मा और लक्ष्य सेन ने इजराइल के डेनियल डुबोवेंको को पराजित किया।

महिला युगल में भारत की शीर्ष वरीय खिलाड़ी तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने चीनी ताइपे की चेन सू यू और यी इन एच की जोड़ी को हरा कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। तनीषा क्रेस्टो ने कल के प्रदर्शन पर खुशी जताई।

***मैच बहुत अच्छा रहा, काफी अच्छे आपूरचनेर थे, और हमें बहुत अच्छा लग रहा,यहां वापस ये सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल टूर्नामेंट में आय है। लास्ट ईयर हम लोग यहां फाइनल्स खेले थे, तो हम यही उम्मीद कर रहे कि हम आगे जाके और अच्छा करे और आज का मैच हम लोगों ने बहुत अच्छा खेला, बहुत सारे पासिटिक्स थे और बहुत कुछ था।***

**********

प्रयागराज महाकुंभ दो हजार पच्चीस को लेकर आज नई दिल्ली के अशोका होटल में महाकुंभ दो हजार पच्चीस प्रील्युड कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महाकुंभ के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिये इस कार्यक्रम में कई देशों के राजनयिकों को आमंत्रित किया गया है।

**********